कार्यालय समन्वयक PTET - 2023
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बाँसवाड़ा–327001 (राज.)

दिनांक : 01.04.2023

अधिसूचना संख्या : 02

राजस्थान राज्य में स्थित विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में सत्र 2023-2024 के लिए दो वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम तथा चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड बी.ए./बी.एससी. बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय, राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के नियमानुसार होने वाले प्री-टीचर एज्युकेशन टेस्ट (पीटीईटी-2023) एवं प्री.बी.ए./बी.एससी. बी.एड. 2023 के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

पात्रता

1. प्री.टीचर एज्यूकेशन टेस्ट (पीटीईटी–2023) : विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण, जो राजस्थान राज्य के विश्वविद्यालयों की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा के समतुल्य मानी गई हो एवं पीटीईटी-2023 की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशिका में उल्लिखित प्रवेश अर्हताओं की पूर्ति करने वाले अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र हैं। स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा में राज्य सरकार के नियमों के अनुरूप सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर) एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (EWS) हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत एवं राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विशेष पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग तथा विधवा/तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।

2. प्री.बी.ए./बी.एससी. बी.एड. 2023 : माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अथवा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अथवा राज्य सरकार द्वारा अन्य राज्यों के समतुल्य घोषित एवं स्वीकृत बोर्ड से सीनियर सैकण्डरी (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा में राज्य सरकार के नियमों के अनुरूप सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर) एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (EWS) हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत एवं राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विशेष पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग तथा विधवा/तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य है।

उपर्युक्त दोनों प्रवेश परीक्षाओं हेतु वांछित न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत गणना में एक अंक भी कम स्वीकार्य नहीं होगा एवं ऐसा होना आवेदक की अभ्यर्थिता को निरस्त करने का पर्याप्त कारण होगा। पात्रता परीक्षा में इस वर्ष (2023) में अर्हता परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थी भी पीटीईटी-2023 एवं बी.ए./बी.एससी. बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023 के लिए आवेदन कर सकते हैं। बशर्ते उनके काउंसलिंग में भाग लेने के लिए काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि तक प्रवेश हेतु पात्रता प्रदान करने वाली परीक्षा का परिणाम आ चुका हो तथा अंकतालिका पात्रता प्राप्तांक सहित उनके पास हो।

आवेदन एवं प्रवेश परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ (संशोधित) निम्नानुसार हैं :–

क्र.सं.	विवरण	महत्वपूर्ण तिथियाँ
1.	ऑनलाईन आवेदन-पत्रों की उपलब्धता	15 मार्च, 2023
2.	**परीक्षा शुल्क एवं ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि**	**15 अप्रैल, 2023 (शनिवार) (11:59:59 PM)**
3.	प्रवेश परीक्षा	21 मई, 2023 (रविवार)

आरक्षण : राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (चिकनी परत को छोड़कर), विशेष पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, दिव्यांगों, सैनिकों व उनके आश्रितों, तलाकशुदा/विधवा महिलाओं व टाडा, माडा, सहरिया क्षेत्र (सहरिया जाति) के निवासियों, आर्थिक पिछड़ा वर्ग (EWS) को राज्य सरकार के नियमानुसार सीटों में आरक्षण उपलब्ध होगा।

आवेदन प्रक्रिया : On-Line Application Form विश्वविद्यालय वेबसाइट www.ggtu.ac.in पर जाकर दिये गये टेब बार PTET-2023 के माध्यम से भरे जायेंगे। अभ्यर्थी साईबर कैफे या स्वयं के कम्प्यूटर अथवा ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन पत्र भर सकेंगे।

अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क राशि रू. 500/- का भुगतान ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से डेबिट कार्ड/केडिट कार्ड/नेट बैंकिग अथवा ई-मित्र से कर सकेंगे तथा सफलतापूर्वक ऑनलाईन भुगतान के पश्चात् अपने आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी प्रिन्ट कर सकेंगे।

यदि अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान नकद करना चाहते है तो वे फॉर्म भरने के बाद प्राप्त पेमेन्ट इन्वाईस के माध्यम से ई-मित्र की किसी भी शाखा में नकद जमा करवा सकेंगे। ई-मित्र के किसी भी काउन्टर में शुल्क जमा करवाने के अगले दिन अपने आवदेन पत्र का प्रिन्ट प्राप्त कर सकते हैं।

ऑनलाईन भुगतान अथवा चालान के द्वारा आवेदन शुल्क जमा करवाने के पश्चात् भी यदि प्रिन्ट नहीं निकलता है तो निर्धारित अवधि में कार्यालय के हेल्पलाइन 6376265626, 6376200317 एवं ptetggtu2023@gmail.com पर सम्पर्क करें।

ऑनलाईन आवेदन पत्र : ऑनलाईन आवेदन पत्र अत्यन्त सावधानी पूर्वक भरकर उसका प्रिन्ट लें एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड प्रति एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति अपने पास सुरक्षित संभाल कर रख लें। जिन्हें काउंसलिंग के उपरान्त आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश के समय जमा करवाना आवश्यक है। ऑनलाईन आवेदन के समय चयन किये गये दो जिलों में प्राथमिकता एवं केन्द्र की उपलब्धता के आधार पर ही परीक्षा केन्द्र आंवटित किया जाएगा। परीक्षा केन्द्र आवंटन में समन्वयक, पीटीईटी-2023 एवं चार वर्षीय बी.ए./बी.एससी. बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2023 का निर्णय अन्तिम होगा।

नोट : परीक्षार्थी अपना मोबाईल नम्बर सही भरें ताकि परीक्षा संबधित सूचना एस.एम.एस. के माध्यम से संबंधित मोबाईल नम्बर पर यथासंभव दी जा सके।

समन्वयक

पी.टी.ई.टी.-2023 एवं 04 वर्षीय बी.ए./ बी.एससी. बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023

SIZE : 20X12